दिन –गुरूवार दिनांक– 29/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री का यह बिहार का पहला दौरा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने दौरे के क्रम में पटना और रोहतास के बिक्रमगंज में बावन हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी बिक्रमगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नवनिर्मित यात्री टर्मिनल का उद्‌घाटन करेंगे। पैंसठ हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में इसके विस्तार से हवाई यात्रियों को काफी सुविधा होगी। श्री मोदी पटना जिले में ही बन रहे दूसरे बड़े हवाई अड्डे बिहटा एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव के निर्माण कार्य की भी शुरुआत करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री पटना में एक भव्य रोड शो करेंगे, जो पटना हवाई अड्डे से शुरू होकर खाजापुरा मोड़, चिड़िया घर, नया सचिवालय, हड़ताली मोड़ आयकर गोलम्बर के रास्ते भाजपा मुख्यालय पर समाप्त होगा। लगभग छह किलोमीटर के रोड शो मार्ग में बत्तीस स्थानों पर प्रधानमंत्री के अभिनंदन के लिए स्वागत मंच बनाया गया है।

---

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और रोड शो के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री के रोड–शो के दौरान पूरे शहर में दो सौ मजिस्ट्रेट की निगरानी में तीन हजार से ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रोड–शो के मार्ग में पड़ने वाली ऊंची इमारतों पर स्नाइपर्स भी तैनात रहेंगे। इधर, पटना की यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि आज शाम चार बजे से रात आठ बजे तक बेलीरोड पर डुमरा चौक से आयकर गोलम्बर तक आम वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त कई मार्गों पर भी यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। एयरपोर्ट जाने वालों को समय से पूर्व पहुंचने की सलाह दी गयी है।

---

प्रधानमंत्री के बिहार दौरे को लेकर आकाशवाणी पटना की ओर से आज रात दस बजे विशेष रिपोर्ट का प्रसारण किया जायेगा। इस प्रसारण को राज्य स्थित आकाशवाणी के अन्य केन्द्रों से भी सुना जा सकता है।

---

ईद–उल–अजहा का चांद कल बिहार समेत देश के लगभग सभी हिस्सों में देखा गया। इसका ऐलान इमारत–ए–शरिया फुलवारीशरीफ और खानकाह–ए–मुजीबिया फुलवारीशरीफ समेत कई मुस्लिम इदारों ने किया है। ईद–उल–अजहा यानी बकरीद सात जून को मनाई जाएगी।

---

राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मानसून वर्षा का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज कटिहार, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, बांका और जमुई जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य और उत्त्र–पश्चिमी भागों में विभिन्न स्थानों पर आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई है। इधर, पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

---

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने आज समस्तीपुर जिले के पूसा में राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की।

---

अररिया जिले के जोगबनी में भारत–नेपाल सीमा पर भारतीय नम्बर वाले वाहनों के नेपाल में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। नेपाल प्रशासन के अचानक लिए इस फैसले से सीमा पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया है।

---

मधुबनी जिले के पिपरौन में भारत–नेपाल सीमा के पासएसएसबी ने जांच के दौरान दो संदिग्ध चीनी नागरिकों को हिरासत में ले लिया। ये दोनों व्यक्ति नेपाल के रास्ते भारत में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर भारतीय सीमा क्षेत्र में वीडियो बना रहे थे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।